# जिले की 241 शालाओं के मरम्मत कार्य की गति कछुए की तरह

## एक वर्ष में भी पूर्ण नही हुआ शालाओं के मरम्मत एवं रेनोवेशन का कार्य, डीएमएफ से 4 करोड़ 82 लाख रूपये है मंजूर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि में जमकर दुरूपयोग हुआ है। इस तरह के आरोप विपक्षी दलों के नेता लगा रहे हैं। उदाहरण तौर पर पिछले वर्ष जिले में 241 विद्यालयों के मरम्मत एवं रेनोवेशन कार्य के लिए करीब 4 करोड़ 82 लाख रूपये की मंजूरी मिली। एक साल बाद भी आरईएस विभाग कार्य नही पूर्ण करा पाया है।**

दरसअल पिछले वर्ष खनिज प्रतिष्ठान मद से चितरंगी विकासखण्ड के 144 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के मरम्मत एवं रेनोवेशन कार्य के लिए करीब 2 करोड़ 80 लाख रूपये की मंजूरी मिली है। 15 अक्टूबर 2024 को प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई। इसके




पूर्व 2 सितम्बर को जिले के 97 शासकीय शालाओं के मरम्मत कार्य के लिए तकरीबन 1 करोड़ 94 लाख रूपये डीएमएफ से मंजूर किया गया था। उक्त कार्यो को पूर्ण कराने के लिए क्रियान्वयन एजेंसी आरईएस को समयसीमा भी निर्धारित की गई थी। किंतु विद्यालयों के मरम्मत एवं रेनोवेशन कार्य को भी क्रियान्वयन एजेंसी आरईएस ने करीब 12 महीने बाद भी पूर्ण नही कर पाया। जबकि सूत्र बताते हैं कि विद्यालयों के मरम्मत कार्य के लिए आरईएस विभाग को एडवांस के रूप में किस्त मिली। इसके बावजूद आरईएस विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम उक्त कार्यो को पूर्ण कराने के लिए दिलचस्पी भी नही दिखाई। कार्यो को पूर्ण न कराने के पीछे कार्यपालन यंत्री का मकसद क्या रहा, इसे तो वे ही बता पाएंगे। इस बारे में कार्यपालन यंत्री आरईएस जवाब देने से बच रहे हैं। व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी भी मांगी गई, फिर भी वे इस मामले में कोई जानकारी देना नही चा रहे हैं। चर्चा है कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कार्यपालन यंत्री जवाब देने से बच रहे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि यदि कार्य पूर्ण कराया गया है तो, विद्यालयों की एनओसी कहां है? और अभी भी कार्य की स्थिति प्रगति पर क्यों बताई जा रही है। कहीं न कहीं विभाग की लापरवाही से डीएमएफ फण्ड की करीब 4 करोड़ 82 लाख रूपये में झोल हुआ है। इसीलिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सही जानकारी देने से टालमटोल कर रहे हैं। बहरहाल जिले में डीएमएफ फण्ड की राशि से मंजूर निर्माण कार्यो को लेकर विभाग कितना दिलचस्पी ले रहा है। इसी से पता चलता है और इसकी जांच से ही सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

### प्रधानाध्यापको पर बनाया जा रहा था दबाव

जानकारी के अनुसार जिस वक्त चितरंगी विकासखण्ड के अंतर्गत 144 शासकीय शालाओं में मरम्मत एवं रेनोवेशन कार्य के लिए तकरीबन 2 करोड़ 88 लाख रूपये की मंजूरी मिली। कुछ चन्द महीने में ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर बिना कार्य कराए ही पूर्णतया प्रमाण पत्र की मांग की जा रही थी। जबकि कोई कार्य नही हुआ था। आरोप है कि कार्यपालन यंत्री तत्कालीन कलेक्टर का खौफ दिखाकर चमकाते और धमकाते भी थे। इसी से परेशान होकर एक प्रधानाध्यापक ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर दिया था। इसके बाद कार्यपालन यंत्री आरईएस के तेवर ठण्डे पड़ गये थे। चर्चाएं यही थी कि बिना कार्य कराये ही उक्त रकम को हजम करने वाले थे। सत्ताधारी नेताओं का संरक्षण मिला था और उन्ही के इशारे पर तत्कालीन कलेक्टर ने नेता जी को खुश करने के लिए उक्त राशि मंजूर भी कर दिया था।

### मरम्मत कार्य में फ्रॉडो पर भी घूम रही शक की सुई !

जिले में पिछले दो-तीन वर्षो से फ्रॉडों की बढ़ोत्तरी हुई और उन्ही के इशारे पर जिस विभाग को चाहते थे, उस विभाग पर जिला प्रशासन मेहरवान हो जाता था। सूत्रों की बात माने तो विद्यालयों के मरम्मत एवं रेनोवेशन के कार्य के लिए निर्माण एजेंसी भले ही आरईएस को बनाया गया, लेकिन पर्दे के पीछे कुछ और ही कहानियां सामने आ रही हैं। हालांकि यह चर्चा है कि विद्यालयों के मरम्मत कार्य एवं रेनोवेशन के लिए कहीं फ्रॉडों की भी संलिप्तता तो नही थी। इसके पीछे कारण यही बताया जा रहा है कि कुछ नामजद फ्रॉड कलेक्ट्रोरेट भवन के एक सहायक यंत्री के यहां आना-जाना लगा रहता था। इसी से लोगों की शक की सुई फ्रॉड पर घूम रही है। वर्तमान कलेक्टर गौरव बैनल ने तीन फ्रॉडों पर कार्रवाई कर दलालों में हड़कंप मचा दिये और अब इसकी भी उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।



# आपदा की घड़ी में सरकार किसानों के साथ : विश्वामित्र

## विधायक ने प्रभावित गांवों में पहुंच किसानों से किया मुलाकात

नवभारत न्यूज

**देवसर 2 नवम्बर। बे मौसम बरसात से किसानों की फसलों का बहुत नुकसान हुआ है। सभी किसानों की फसलों का हुए नुकसान का सर्वे कराकर राहत राशि दिलाई जाएगी। संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है।**

उक्त बातें सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने सिहावल क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण के दौरान किसानों से कही। सिहावल विधायक ने बोड़ी, जुड़वार, पचुआर, पोखरा, घिनहागांव समेत अन्य ग्रामों में राजस्व अधिकारियों को साथ लेकर भ्रमण कर किसानों के खेतों में जाकर बे-मौसम बारिश से फसलों के नुकसान का जायजा लिया। किसानों को ढ़ाढस बंधाया कि संकट की घड़ी में हमारी सरकार आपके साथ है। मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को शीघ्र किसानों की उपस्थिति में खेतों में जाकर सर्वे करने के लिए निर्देशित किया।

### एक नजर में

#### क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए दल गठित



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई असमय वर्षा के कारण खेतों में धान की फसल को नुकसान पहुँचा है। उक्त स्थिति में किसानों को राहत प्रदान करने के लिए फसल में एक निश्चित प्रतिशत की हानि होने पर नियमानुसार राहत के लिए आवश्यक कार्यवाही की जानी है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने उपखण्ड क्षेत्र में राजस्व तथा कृषि विभाग के संयुक्त दल का गठन कर समस्त पटवारी हल्कों में क्षेत्रीय अमले द्वारा संयुक्त रूप से फसल हानि का सर्वेक्षण तत्काल कराएँ। सर्वेक्षण में फसल की स्थिति, क्षति का प्रतिशत, प्रभावित क्षेत्रफल सहित अन्य का वास्तविक आंकलन करें। सर्वे को पारदर्शी बनाने के लिए फोटो तथा वीडियो को साक्ष्य के रूप में अंकित कर प्रतिवेदन का हिस्सा बनाएँ। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संयुक्त प्रतिवेदन स्पष्ट, प्रमाणिक एवं समयबद्ध रूप से तैयार कर इस कार्यालय में यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए, ताकि शासन के निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कार्यवाही संपादित की जा सके।

#### कोदो-कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि 9 तक

**सिंगरौली।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 9 नवम्बर तक बढ़ा दी है। रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों में से सिंगरौली में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है।



# सीएम से मिले विधायक ,अतिवृष्टि के हालात से कराया अवगत

## सिंगरौली विधायक ने कहा जल्द से जल्द मिले राहत राशि

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर। सदर विधायक रामनिवास शाह आज दिन रविवार की सुबह मुख्यमंत्री निवास पहुंच डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करते हुए जिले में हुई अतिवृष्टि के बारे में अवगत कराते हुए अन्नदाताओं को तत्काल सर्वे करते हुए प्रभावित अन्नदाताओं को राहत सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में भी चर्चा करते हुए मांग पत्र दिया है।**

ज्ञात होगी कि समूचे ऊर्जाधानी में 5 दिनों तक लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश से खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में सावन-भादो मास की तरह पानी जमा होने से अधिकांश फसले सड़ गई है। अन्नदाताओं में हाय तौबा मची हुई है। हालांकि कलेक्टर गौरव बैनल राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त टीम गठित कर प्रभावित गांव का सर्वे करने का कार्य शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि इस अतिवृष्टि से सिंगरौली जिले में करीब 50 फीसदी से अधिक धान समेत अन्य खरीफ फसले बर्बाद हो गई हैं। वहीं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह आज दिन रविवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल पहुंच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करते हुए जिले में हुई अतिवृष्टि के बारे में अवगत कराते हुए तत्काल प्रभावित किसानों के फसलों का सर्वे करते हुए राहत राशि मुहैया कराए जाने का अनुरोध किया है। विधायक ने बताया की सीएम ने जिले में हुई अतिवृष्टि को लेकर बेहद गंभीर हैं, उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार अन्नदाताओं के साथ खड़ी है।

# आत्मनिर्भर यात्रा के दौरान झोखो में महिलाओं ने किया हंगामा

## चितरंगी विधानसभा के झोखों में पहुंची थी आत्मनिर्भर यात्रा, मंत्री एवं सांसद हुये शामिल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 2 नवम्बर। आत्मनिर्भर यात्रा के तीसरे दिन चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झोखो में पहुंची। जहां आक्रोषित महिलाओं ने बस सामने खड़ी होकर विरोध करने लगी।**

महिला का आरोप था कि यहां सांसद-मंत्री के आश्वासन देते हैं, काम नही करते। महिला का कहना था कि चिरियाह टोला में बिजली, पानी व सड़क नही है। महिला चिल्लाती रही, लेकिन उसके सवालों का कोई जवाब नही मिला। बल्कि वहां मौजूद भाजपाई एवं सरकार के नुमाइंदे मामले को दबाने में लगे रहे। दरअसल आत्मनिर्भर



यात्रा के तीसरे दिन आज दिन रविवार को चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झोखो पहुंची। बस को देख चिरियाह टोला के एक महिला और उसके सहयोगी महिलाएं सामने खड़ी हो गई और वह जोर-जोर से चिल्लाते हुये सरकार एवं नेताओं को आईना दिखाने लगी कि जब विकास कार्य नही करना है तो यात्राएं निकाल कर ढकोसला क्यों किया जा रहा है। चिरियाह टोला में बिजली, सड़क व पानी नही है।

कई बार राज्यमंत्री को भी आवेदन दिया गया। लेकिन दो दशक से इस टोला के रहवासियों को आश्वासन के अलावा कुछ भी हाथ नही लगा रहा है। महिला करीब आधा घंटो से ऊपर तक इतना सवाल उठाई कि वहां मौजूद प्रदेश सरकार के नुमाइंदे एवं नेताओं के पसीने छूटने लगे। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद नेता व महिला को समझाने व बुझाने में लगे रहे, लेकिन महिला पुष्पा प्रजापति के सवालों का जवाब कोई भी नही दे रहा था।

महिला यही चिल्ला रही थी कि जब विकास नही तो यात्रा क्यों, फिलहाल महिला के तीखे सवालों को लेकर युवका पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य कुमार द्विवेदी सूर्या ने सरकार को कटघर्रे में खड़ा किया है और कहा कि महिला के सवालों का जवाब देने से नेता एवं अधिकारी क्यों भाग रहे थे। सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने में लगी रहती है।

# एनटीपीसी में चरणदास चोर की नाट्य प्रस्तुति हुई




नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 2 नवम्बर। एनटीपीसी सिंगरौली ने 27 अक्टूबर से आज दिन रविवार 2 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।**

इस वर्ष का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी था और इसे पूरी सफलता के साथ आयोजन किया गया। सप्ताहभर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के बाद 1 नवम्बर को एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मचारी विकास केंद्र के सरस्वती सभागार में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया गया और सभी उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अतिथियों को सतर्कता शपथ दिलाई गई।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि संदीप नायक कार्यकारी निदेशक ने अपने संबोधन में सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी कर्मचारियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक रहने की अपील की।

# बीएसएनएल की गति तेजी से प्रगति पर : सुरेश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर।** लोकसभा सीधी-सिंगरौली के लिए सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के अनुशंशा पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा नियुक्त दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य सुरेश गिरि अपनी लगातार सक्रियता से कार्य करते हुए अपने प्रयास के तहत दूरसंचार कार्यलय मोरवा में दूरसंचार के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महीने में हुई प्रगति समीक्षा बैठक लिया। बैठक में सर्व प्रथम गिरि का जेटिओ विवेक सिंह और जेटिओ जगन्नाथ द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में बतौर टीएससी मेंबर गिरि को दूरसंचार विभाग मोरवा स्टॉफ के द्वारा अवगत कराया गया कि 2925 के अक्टूबर महीने में 1100 के आसपास नए सिम उपभोक्ताओं को इश्यू किए गए हैं। ग्राहकों को 4जी सेवा की सुविधाएं मिलने लगी है।



# गुरु एक प्रशस्त मार्ग है, इसलिए जीवन में गुरु की अहम भूमिका है : शास्त्री

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पुराण का हुआ समापन, विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर। वृंदावन धाम से आये पंडित प्रभु दयाल शास्त्री के द्वारा सामुदायिक भवन बैढ़न में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। जहां बीते दिन शनिवार को सातवे दिन श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया।**

समापन अवसर पर कथा वाचक श्री शास्त्री ने श्रोतागणों को भगवान के चरित्र का वर्णन करते हुये कहा कि गुरू कोई शरीर नही, गुरू तत्व है। कथा के दौरान भारी संख्या में भक्तगण कथा का





रसपान किया। वहीं इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर पूज्य महाराज श्री जी ने बताया कि श्री सुदामा जी महाराज भगवान के बचपन के मित्र हैं, सुदामा जी एक गृहस्थ संत थे, सुदामा जी का प्रबल त्याग और वैराग्य को देखकर भगवान निहाल होकर पूर्ण कृपा किए नौ योगेश्वरों की कथा सुनाकर अद्भुत गुरु महिमा का वर्णन हुआ। गुरु कोई शरीर नहीं गुरु तत्व है व्यक्ति जब तक गुरु स्वीकार नहीं करता तब तक वो अधूरा रहता है। गुरु ज्ञान और प्रकाश हैं, गुरु वेद और शास्त्र हैं , गुरु एक प्रशस्त मार्ग है, इसलिए जीवन में गुरु की बहुत अहम भूमिका है और प्रत्येक व्यक्ति को गुरु बनाना चाहिए। यजमान रीना श्रीवास्तव ने व्यास पूजन कर कार्यक्रम भागवत भगवान की आरती कर कथा विश्राम हुई। भण्डारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विंध्याचल में विश्व गुणवत्ता माह का हुआ शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 2 नवम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में विश्व गुणवत्ता माह एवं मुख्य मूल्य माह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस वर्ष की थीम थी संपूर्ण गुणवत्ता और सुरक्षा: सोचिए अलग का आयोजन किया गया।**

यह आयोजन एफक्यूए एवं बीएमडी विभागों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एसके सिन्हा, देबब्रत त्रिपाठी महाप्रबंधक, डॉ. बीके भराली, राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख की मौजूदगी रही। साथ ही एसएमसी सदस्यों और विभिन्न विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति ने गुणवत्ता, नवाचार और कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति स्टेशन की प्रतिबद्धता को और सशक्त किया। वहीं संजीब कुमार साहा ने अंग्रेजी में गुणवत्ता प्रतिज्ञा दिलाई। साथ ही एसके सिन्हा ने हिंदी में प्रतिज्ञा का नेतृत्व किया, जो सामूहिक रूप से एनटीपीसी के गुणवत्ता एवं सुरक्षा मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा।

# लाडली बहना योजना में वंचित महिलाओं को मिले लाभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर। आम आदमी पार्टी सिंगरौली की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष अनिता वैश्य ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा है।**



पत्र में उल्लेख किया है कि म.प्र. 2023 के विधानसभा चुनावी घोषणा में लाडली बहना योजना लागू किया गया था, जिसमें केवाईसी, बैंक खाता एवं कई दस्तावेजो के गड़बड़ी के कारण प्रदेश की कई बहने इस योजना से वंचित हो गयी थी, जिन्होंने अपने सभी दस्तावेज तो ठीक करवा चुकी हैं, लेकिन अभी तक सरकार के द्वारा उनका लाडली बहना योजना में नाम जोड़ने का प्रकिया शुरू नही किया गया। भाजपा ने इस चुनावी घोषणा से म.प्र. में अपनी सरकार तो बना ली, लेकिन आस लगाए बैठी हुई महिलाओं का लाडली बहना योजना के सूची में जोड़ने का कोई भी प्रकिया शुरू नही किया जा रहा है। अनिता वैश्य ने इस पत्र में यह भी जिक्र किया है कि यदि वंचित महिलाओं का नाम लाडली बहना योजना में जोड़ने का प्रकिया शुरू नही की गई तो प्रदेश के महिलाओं के साथ मिलकर मुहिम शुरू किया जाएगा और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

# हमारे पूर्वजों ने जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया : अम्बरीश

## विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय संपर्क प्रमुख अम्बरीश सिंह ने प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को किया संबोधित, जिलाध्यक्ष डॉ . डीके मिश्रा हुये शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 नवम्बर। जिला मुख्यालय स्थित होटल सत्या इंटरनेशनल बैढ़न के सभागार में विश्व हिंदू परिषद जिला इकाई द्वारा प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह ने श्वर्तमान चुनौतियां और हमारी भूमिका विषय पर अपने विचार रखे। अपने संबोधन में अम्बरीष सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना जिस प्रकल्पना के साथ हुई थी, उस पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि उसकी परिकल्पना की दृष्टि क्या थी और आज हम कहां खड़े हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों पर आक्रमण हुए, जिनमें भारत भी शामिल रहा। कई देशों की सभ्यता समाप्त हो गई, लेकिन भारत की संस्कृति, संस्कार और चार धाम यात्रा आज भी जीवित हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे




पूर्वजों ने जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। कुछ लोगों ने जागरण किया, कुछ ने लड़ाई लड़ी। हमारे संस्कार मंदिरों, गौ, गंगा, अर्चक और परिवार व्यवस्था के कारण आज भी सुरक्षित हैं। पहले भी लड़ाइयाँ होती थीं, परंतु हिंदू एक थे, उनकी पद्धति एक थी। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना इसी उद्देश्य से हुई कि हिंदू-हिंदू के रूप में रहे। हमारी भूलों के कारण समाज में जो दूरी आई, उसे मिटाकर हिंदू समाज की अजेय शक्ति खड़ी करने का कार्य विहिप कर रहा है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. डीके मिश्रा प्रांतीय सह मंत्री डॉ. राजबहादुर जायसवाल, नगर संघ चालक नागेंद्र बहादुर सिंह, मातृशक्ति प्रांत सह संयोजिका संध्या सिंह, दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिका सोनम रवानी, जिला मंत्री राजू द्विवेदी, बजरंग दल जिला संयोजक राजबली शाह, लकी सिंह, प्रताप वर्मा, शिवम् शर्मा, बृजेश जायसवाल, संतोष कुशवाहा, सतेंद्र पाण्डेय, रामनिवास साकेत, डॉ शैलेन्द्र सिंह सहित सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।